मंगलवार
13 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग का नाम विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग होगा 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## शोभन बाइपास वाली 150 एकड़ जमीन को केंद्र ने किया रिजेक्ट

# दरभंगा में प्रस्तावित एम्स के निर्माण पर फिर लगा ग्रहण

- बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने दी जानकारी
- बोले- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं चाहते हैं कि दरभंगा में एम्स का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाए

**एजेंसी/दरभंगा**

बिहार के दरभंगा में प्रस्तावित एम्स निर्माण पर फिर एक बार ग्रहण लग गया है। बिहार सरकार की ओर से दिये गए शोभन बाइपास वाली 150 एकड़ जमीन को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने 26 मई 23 को पत्र जारी करते हुए रिजेक्ट कर दिया है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने इसकी जानकारी दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि वह नहीं चाहते हैं कि दरभंगा में एम्स का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाए। उन्होंने कहा कि दरभंगा में अगर एम्स का निर्माण नहीं हुआ तो इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा। आपने उत्तर बिहार और मिथिला के लाखों लोगों को इलाज कराने से वंचित कर दिया है। सिर्फ इसलिए कि इसका श्रेय नरेंद्र मोदी को ना मिल जाए। लोग यह ना कहे कि एम्स को नरेंद्र मोदी ने बनवाया।

**पांच साल में भी जमीन नहीं दी गई**

वहीं उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार पहले कहते रहे कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज को अपग्रेड कर एम्स बना दिया जाए। फिर उन्होंने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज परिसर में एम्स निर्माण के लिए जमीन दे रहा हूं। फिर आपने कहीं और एम्स निर्माण के लिए जमीन दे दिया। जब केंद्र की टीम एम्स निर्माण स्थल को देखने आई तो उसने कहा कि यहां तो बिल्डिंग बनाना संभव ही नहीं है और रिजेक्ट कर दिया। 5 साल से ऊपर होने को चला है, लेकिन आज तक दरभंगा एम्स का निर्माण प्रारंभ नहीं हो पाया। क्योंकि बिहार सरकार जमीन उपलब्ध नहीं कराया।

**विकास कार्यों को रोककर राजनीति ना करें नीतीश:** वहीं उन्होंने कहा कि राजनीति विकास पर नहीं होनी चाहिए। बाकी राजनीति होनी चाहिए। लेकिन विकास के मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। जान बूझकर बिहार सरकार ने एम्स को जमीन नहीं दिया। वहीं उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में एक एम्स निर्माण का प्रावधान है। लेकिन कश्मीर के बाद बिहार को दूसरा एम्स मिला। वहीं उन्होंने कहा कि समाचार पत्र के माध्यम से पता चला कि जदयू के 20 सांसदों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है कि दरभंगा से एम्स को हटाकर सहरसा में बनाया जाए।



## बीजेपी के लोग हटेंगे, तब जाकर अच्छा काम होगा : नीतीश



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में प्रस्तावित एम्स की जमीन को केंद्र द्वारा कैंसल करने के मामले को लेकर कहा है कि हमने एम्स का सारा काम करा दिया था। केंद्र से मिलकर सारी बात हो गई थी। पहले डीएमसीएच (दरभंगा मेडिकल कॉलेज) निर्माण की बात थी पर वहां बनाने की स्थिति नहीं थी तो शोभन में जगह देखा गया। शोभन में स्थित जगह सबसे बेहतर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के दिमाग में कुछ और बात होगी। कुछ अच्छा काम करने की बात कहेंगे तो कुछ सुनेंगे नहीं। राजधानी पटना में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि आगे ये लोग हटेंगे, तब जाकर अच्छा काम होगा। सीएम नीतीश ने मीडिया से भी अपील करते हुए कहा कि आप लोग भी उस जगह को जाकर देखें। वहां रास्ते को फोरलेन करने की भी तैयारी चल रही है। दरभंगा के अस्पताल को भी बेहतर किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### पटना से रांची के बीच हुआ वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल

**पटना।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पटना से रांची के लिए सोमवार सुबह रवाना हुई और करीब 12.48 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंची। हालांकि, ट्रेन में यात्री सवार नहीं थे, यह केवल ट्रायल रन था। यह ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह 6:55 बजे के करीब खुली थी। पटना से रांची के बीच छह स्टेशनों पर इसका ठहराव हुआ। जहानाबाद, गया, कोडरमा, बरकाकाना, हजारीबाग, मेसरा में इस ट्रेन का ठहराव दिया गया था। हालांकि, शुरूआत में गया और बरकाकाना जंक्शन पर ही केवल ठहराव का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन शेष चार स्टेशनों पर भी इसका ठहराव कुछ देर के लिए हुआ। रेलवे की ओर से जारी ट्रायल के समय सारणी के मुताबिक पटना जंक्शन से यह सुबह 6.55 खुलकर 8.20 बजे गया पहुंची। गया में इसका दस मिनट के करीब ठहराव हुआ। सुबह 8.30 बजे गया से खुलकर यह ट्रेन दोपहर 11.30 बजे तक बरकाकाना पहुंची। रांची में यह ट्रेन दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर पहुंच गयी।

### भागलपुर में ट्रैक्टर और ऑटो के बीच टक्कर में तीन मरे

**भागलपुर।** भागलपुर में ट्रैक्टर और ऑटो में जोरदार टक्कर में महिला समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि आधे दर्जन लोग घायल हो गये। घटना नवगछिया पुलिस जिला के रंगरा थाना क्षेत्र के एन एच 31 की है। परिजनों का कहना है कि अररिया से भागलपुर सभी मुंडन संस्कार के लिए आये हुए थे वापस अररिया लौटने के क्रम में रंगरा चौंक के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिसमें घटनास्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक परिवार मुंडन संस्कार कराने अररिया से भागलपुर आये थे। वापस अररिया लौटने के क्रम में रंगरा चौंक के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। मृतको में अररिया के देवेंद्र यादव, उसकी माँ संध्या देवी और सास चंदा देवी के रूप में हुई है। देवेंद्र के बेटे मुकेश का मुंडन संस्कार कर सभी वापस लौट रहे थे। घायलों को पीएचसी में इलाज कराया गया वहां से दो की स्थिती गम्भीर देखते हुए उसे जेएलएनएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर यूपी बीजेपी की राज्य इकाई में होंगे बड़े बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की राज्य इकाई में बड़े बदलाव की संभावना दिख रही है। दावा किया जा रहा है कि पार्टी के महासंपर्क अभियान के बाद राज्य इकाई में कई अहम बदलाव किए जा सकते हैं। इस बदलाव में राज्य को नया प्रभारी भी मिल सकता है। इसके अलावा पार्टी में सभी छह संगठनात्मक क्षेत्रों की नई टीम का गठन होने के आसार हैं। अभी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह के पास यूपी प्रभारी की जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के पहले महाराष्ट्र, गुजरात या असम से किसी बड़े नेता को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

इसके साथ ही कई जिलों में जिलाध्यक्ष भी बदले जा सकते हैं। माना जा रहा है कि जिलाध्यक्षों के साथ मोर्चा में भी बदलाव होगा। कई मोर्चों को भी नया अध्यक्ष मिलेगा। दीगर है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है। ऐसे में बीजेपी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। उधर, बीजेपी की राष्ट्रीय टीम में यूपी के नए चेहरे दिख सकते हैं। राष्ट्रीय टीम में यूपी से 5 से 6 नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय टीम में जाति और क्षेत्रीय संतुलन का ख्याल रखा जाएगा।

राष्ट्रीय टीम में अभी यूपी से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार सिंह, मंत्री के तौर पर विनोद सोनकर, हरीश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल शामिल हैं। किसान मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार चाहर भी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं।

## सीएम के जनता दरबार में आया जमीन कब्जा करने का मामला



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को 4 देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 107 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार बेगूसराय जिले से आयी एक महिला फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे पति दिव्यांग हैं और मेरी निजी भूमि को दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इसकी शिकायत हमने संबंधित विभाग से की, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई सहायता नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग से जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अररिया जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से कहा कि मेरे पड़ोसी द्वारा मेरी निजी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। इसकी शिकायत थाना में करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं अररिया जिले से ही आए एक अन्य युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि सार्वजनिक भूमि को अधिग्रहित कर दबंगों द्वारा निजी रास्ता बना लिया गया है। इस संबंध में शिकायत की गई है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### दबंगों ने 4 डिसमिल जमीन कब्जा कर ली

लखीसराय जिले से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी निजी जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। सारे कागजात प्रस्तुत किए जाने के बाद भी मामले का हल नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पूर्णिया जिले से आये एक युवक ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि 9 डिसमिल बासगीत पचार्वाली जमीन मिली है उसमें से 4 डिसमिल जमीन दबंगों द्वारा कब्जा कर ली गयी है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## फर्जी यूनिवर्सिटी का डी.लिट्. लेकर आए हैं सम्राट : जदयू

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर बड़ा आरोप लगा है। यह आरोप जदयू ने लगाया है। जदयू का दावा है कि सम्राट चौधरी फर्जी यूनिवर्सिटी से डिग्री लेकर आए हैं। अब इस आरोप के बाद सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज ने सवाल किया है कि सम्राट चौधरी बताए किस विश्वविद्यालय की डिग्री ली है? कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी क्या है? किस साल आपने पासआउट किया? आपका रौल नंबर क्या है? इसकी प्रति कहां है? आपने इसकी परीक्षा कहां दी। कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी का पूरा दस्तावेज हमारे पास है।

नीरज कुमार ने कहा कि आप बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। आपके साख का सवाल है। आपकी साख दांव पर लग गई है। बिहार की जनता जानना चाह रही है। इस मामले पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को जरूर सफाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगले 72 घंटों में सम्राट चौधरी इन सारे सवालों का जवाब दें।

**सम्राट बोले- मेरा नाम राकेश कुमार भी है:** वहीं सम्राट चौधरी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मेरा नाम राकेश कुमार भी है। 2019 में यूनिवर्सिटी ने मुझको अवार्ड दिया था। उन्होंने कहा जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डर गई है जिसके कारण दाएं-बाएं किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी डिग्री पर जो सवाल किया जा रहा है। वह गलत है।

## चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को लेकर पीएम मोदी ने की बैठक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें चक्रवात से निपटने की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, पृथ्वी विज्ञान सचिव एम रविचंद्रन, कमल किशोर, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य, मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा सहित अन्य ने भाग लिया।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संवेदनशील स्थानों में रहने वाले लोगों की निकासी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय किए जाएं। नुकसान की स्थिति में तत्काल सेवा बहाल करने की तैयारियों के साथ आवश्यक सेवाओं का रखरखाव सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय चक्रवात बिपरजॉय की स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहा है। एनडीआरएफ की 12 टीम तैनात है। 15 और टीमों भी तैयार रहने को कहा गया है। इससे पहले बैठक के दौरान एक प्रेजेंटेशन दिया गया जिसमें बताया गया कि कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़ और मोरबी में 15 जून को सुबह से शाम तक 125-135 किमी प्रति घंटे से 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ तूफानी मौसम का अनुभव हो सकता है।




## राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूजा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी को भेजा गया न्योता

# 22 जनवरी को अयोध्या के मंदिर में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

**केटी न्यूज/पटना**

अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को रामलला विराजमान की पूजा को लेकर राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से पीएम मोदी को न्योता भेजा गया गया था, जिसको लेकर अभी प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से इस पर कोई जवाब नहीं आया है। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से यह जानकारी दी गई। दरअसल, श्रीराम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसको लेकर तैयारियां जारी हैं। 22 जनवरी 2024 वो तारीख है, जिस दिन राम मंदिर के दर्शन के लिए करोड़ों भक्तों का इंतजार खत्म हो जाएगा। यही वो दिन होगा जब भगवान रामलला गर्भगृह में विराजमान होंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय देश के सभी क्षेत्रों के मंदिरों को सजाया जाएगा, कहीं-कहीं श्री राम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को वर्चुअल तरीके से देश के अलग-अलग स्थानों पर भी दिखाया जाएगा. क्राउड मैनेजमेंट को लेकर भी पूरी विस्तृत योजना तैयार की गई है. इतना ही नहीं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान वास्तु पूजा से लेकर विभिन्न अनुष्ठान और पूजन भी किए जाएंगे।



**कहां तक पहुंचा राम मंदिर का निर्माण**

अब तक के निर्माण की बात करें तो अभी राममंदिर में रामलला के गर्भगृह के ऊपरी हिस्से पर निर्माण कार्य चल रहा है। अक्टूबर 2023 तक राम मंदिर का प्रथम तल बनकर तैयार हो जाएगा और 24 जनवरी 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। ये कार्यक्रम करीब सात दिनों तक चलेगा। जिसके बाद रामभक्त रामलला के दर्शनों के लिए मंदिर आ सकेंगे। अब राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से रामलला विराजमान की पूजा को लेकर पीएम मोदी को न्योता भेजा गया है। जिसको लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है हालांकि इसका जवाब कभी भी आ सकता है।

# विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग का नाम विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग होगा: सीएम

- नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार
- मुख्यमंत्री ने पांच नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग द्वारा आयोजित नव नियुक्त सहायक प्राध्यापक व्याख्याता एवं व्याख्याता के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पांच नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सात निश्चय योजना-2 के तहत बिहार के 44 राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में आवश्यकतानुरूप जल्द से जल्द बहाली कराने का निर्णय लिया है। आज अभियंत्रण महाविद्यालयों के लिये 269 सहायक प्राध्यापक तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों के 146 व्याख्याताओं को मिलाकर कुल 415 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक नियुक्तियां हो ताकि पढ़ाई-लिखाई में छात्रों को असुविधा न हो। बिहार के सभी 38 राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में से 37 के भवन निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है और बक्सर में निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं बिहार के सभी 46 पॉलिटेक्निक संस्थानों में से 41 के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। भोजपुर, अरवल और जहानाबाद में पॉलिटेक्निक संस्थानों के भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और पॉलिटेक्निक संस्थान बाढ़ का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि भागलपुर के नाथनगर में निर्माण कार्य शुरू होनेवाला है, इस काम को अविलंब शुरू कराएं।

### सभी विभागों में महिलाओं की हो रही है नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीब परिवार के लोग अपनी बेटियों को अधिक से अधिक सातवीं-आठवीं कक्षा से आगे नहीं पढ़ा पाते थे। अब बड़ी संख्या में लड़कियां उच्च शिक्षा हासिल कर रही हैं। अब लड़कियां मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही हैं। हमलोगों ने प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। अब काफी संख्या में सभी विभागों में महिलाओं की नियुक्ति हो रही है। सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों और पॉलिटेक्निक संस्थानों में बेहतर शिक्षा प्रदान करने का प्रबंध किया गया है। हम चाहते हैं कि आप सभी छात्रों को ठीक ढंग से पढ़ायें। बिहार से जब झारखंड अलग हुआ तो बी०आई०टी० मेसरा झारखण्ड में था। हमलोगों ने वर्ष 2006 में इसे पटना में शुरू कराया और इसके भवन निर्माण के लिए 25 एकड़ जमीन मुहैया कराई।

### विभाग का नाम बदलने को लेकर कैबिनेट से मंजूरी जल्द

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग का नाम हमलोग बदलकर विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग करेंगे। बहुत जल्द कैबिनेट से इसकी मंजूरी दी जायेगी। हमलोग काफी संख्या में बहाली करवा रहे हैं। शिक्षा विभाग एवं पुलिस में काफी संख्या में बहाली की प्रक्रिया जारी है। हमलोग 10 लाख लोगों को नौकरी एवं 10 लाख को रोजगार का अवसर देंगे। हमलोगों के कामों की कोई चर्चा नहीं करता है। पिछले 9 सालों में केंद्र सरकार ने बिहार के लिये कुछ भी नहीं किया है लेकिन हर जगह उसकी ही चर्चा होती रहती है। हमलोग बिहार में काफी काम किये हैं लेकिन उसकी चर्चा कोई नहीं करता है। साइकिल योजना जब बिहार में शुरू की गई, उस समय देश और विदेशों में भी ऐसी योजना नहीं थी।

### आज कल केंद्र ने मीडिया पर कब्जा कर लिया है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने जो काम किया है, उसको केन्द्र ने अपनाया है। आज कल केंद्र वालों ने मीडिया पर कब्जा कर लिया है। आज कल देश में दो लोग सिर्फ अपना ही नाम लेते रहते हैं। अपने पार्टी के नेताओं का भी नाम नहीं लेते हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का भी नाम नहीं लेते हैं। बापू का भी नाम नहीं लेते हैं। हमारे साथ बिहार में पहले जो लोग काम करते थे, वे भी मेरे खिलाफ आज कल खूब बोलते हैं ताकि उनको बढ़िया जगह मिल जाय लेकिन कहीं किसी को पार्टी कुछ नहीं दे रहा है। हमलोग सभी के लिए काम करते हैं लेकिन वे लोग सिर्फ अपने लिये काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमलोग ज्यादा से ज्यादा विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हैं। ऐसा हुआ तो वे लोग सत्ता से चले जायेंगे तो समाज में आपसी समझ और बढ़ेगा। मीडिया वालों को भी सम्मान और इज्जत मिलेगी।

## खबरें फटाफट

### मखदुमपुर के इंडियन बैंक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**मखदुमपुर।** सोमवार की दोपहर मखदुमपुर पाई बीघा मोड़ स्थित इंडियन बैंक के ब्रांच में आग लगने की घटना सामने आई है। हालांकि राहत की बात ये रही के किसी की हताहत होने की खबर नहीं है। सोमवार की दोपहर पाई बीघा मोड़ पर उस समय अफरा तफरी मच गया जब लोगों को इंडियन बैंक में आग की लपटें और तेज धुआं उठता दिखाई दिया। दरअसल इंडियन बैंक के ब्रांच में एटीएम लगाने का कार्य चल रहा है। जिसमे सोमवार की दोपहर अचानक शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इलेक्ट्रीशियन सतेंद्र कुमार ने बताया कि तार कमजोर रहने के कारण और ब्रांच में एसी चल रहा था जिसकी वजह से शॉर्ट सर्किट हुआ। इलेक्ट्रीशियन और आसपास के लोगों की सूझ बूझ से आग पर काबू पाया गया।

### मद्य निषेध विभाग टीम अपने साथ रखेगी मिर्ची स्प्रे

**पटना।** बिहार में शराब माफियाओं द्वारा पुलिस की छापेमारी के दौरान हमले से बचने और तस्करों से निबटने के लिए नया तरकीब मद्य निषेध और उत्पाद विभाग ने ढूंढ निकाला है। अब छापेमारी करने निकली मद्य निषेध विभाग टीम अपने साथ मिर्ची स्प्रे रखेंगे। जिससे करवाई में बाधा उत्पन्न करने और पुलिस पर हमला करने वालो पर मिर्ची स्प्रे का इस्तेमाल कर उससे निबटेंगे। दरअसल, लगातार पुलिस पर हमले को देखते हुए इस बावत जानकारी देते हुए मध निषेद विभाग के सयुक्त सचिव कृष्ण पासवान ने बताया कि पहले जिस तरह से कार्रवाई हो रही थी, उसी तरह से आगे भी करवाई जारी रहेगी। वहीं शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने को लेकर मद्य निषेध विभाग की टीम पर आये दिन छापेमारी के दौरान पुलिस टीम पर हमलावरों के द्वारा हमला करने का मामला सामने आता रहा है। जिसको विभाग ने गंभीरता से लेते हुए मिर्ची स्प्रे का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

**अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह का खुलासा: कुल्हाड़िया टोल प्लाजा के समीप पकड़े गए पांचों**

# भोजपुर में लाखों रुपए की हेरोईन के साथ नालंदा के पांच तस्कर गिरफ्तार

- तस्करों के पास से 119 ग्राम हेरोईन बरामद, लग्जरी कार जब्त
- आरा नगर थाना क्षेत्र के गांगी इलाके से हेरोईन खरीदने की बात आ रही सामने
- एसपी बोले: हेरोईन तस्करों का खंगाला जा रहा पूरा नेटवर्क

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर पुलिस को रविवार को मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़िया टोल प्लाजा के पास पुलिस ने 119 ग्राम हेरोईन के साथ कार सवार अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। झारखंड नंबर की एक लग्जरी कार भी जब्त की गयी है।? जब्त हेरोईन की कीमत तीन लाख रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्करों में नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र के सिघौरा गांव निवासी धीरज कुमार, अजय सिंह, अमीश कुमार उर्फ राहुल राज, शेखपुर सिघौरा गांव के अखिलेश कुमार व गिरिचक थाने के करमपुर गांव निवासी अभिजीत सिंह राठौर शामिल हैं। सभी आरा नगर थाना क्षेत्र के गांगी क्षेत्र से हेरोईन खरीदने के बाद नालंदा लौट रहे थे। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि रविवार की अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे सूचना मिली कि कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास चार से हेरोईन की तस्करी की जा रही है।? उसके बाद तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम टोल प्लाजा के पास पहुंची तो झारखंड नंबर की एक कार पर सवार लोग भागने लगे। हालांकि पुलिस ने पीछा कर कार को पकड़ लिया और तलाशी शुरू की गयी। उस दौरान कार से 235 पुड़िया हेरोईन बरामद की गयी। उसके बाद कार सवार पांचों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी टीम में कोईलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

**हेरोईन सप्लायरों की तलाश में जुटी पुलिस, गांगी इलाके के तस्करों पर नजर:** एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार तस्करों द्वारा आरा के गांगी इलाके से हेरोईन खरीदने की बात कही गयी है। कुछ तस्करों के नाम भी बताये गये हैं। उस आधार पर मुख्य सप्लायरों की खोज की जा रही है। उसके लिए गांगी इलाके के उन तस्करों की पहचान कि जा रही है। साथ ही हेरोईन तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार तस्करों के अन्य राज्यों से कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। उसके लिए तस्करों के मोबाइल भी खंगाले जा रहे हैं। बताते चलें कि गांगी का इलाका हेरोईन तस्करी के लिए काफी पहले से चर्चित रहा है। वहां छापेमारी में अक्सर हेरोईन की बरामदगी होती रहती है। गांगी इलाके के तस्करों द्वारा खुदरा के साथ हेरोईन की थोक बिक्री भी की जाती है। वहां के कुछ तस्करों का दूसरे कई राज्यों ड्रग्स माफियाओं के साथ सांठगांठ की बात सामने आ चुकी है।

**25 से 35 फीसदी मुनाफे पर नालंदा में बेची जाती हेरोईन:** हेरोईन की बिक्री में 25 से 35 फीसदी मुनाफा होती है। पूछताछ में तस्करों की ओर से पुलिस को इस बात की जानकारी दी गयी। पूछताछ के बाद एसपी ने बताया कि तस्करों द्वारा आरा से पुड़िया या पाउच में हेरोईन की खरीद की जाती है। उसके बाद 25 से 35 प्रतिशत मुनाफे पर नालंदा में बेच दी जाती है। कभी कभार शुद्ध हेरोईन की बात कह काफी महंगे दाम पर भी बिक्री की जाती है।

# छत रिपेयरिंग के विवाद में दो पक्ष भिड़े, प्रोफेसर सहित पांच घायल

- कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव की घटना
- मारपीट व रोडबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव में सोमवार की सुबह छत की रिपेयरिंग के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट और रोड़ेबाजी हुई। उस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और ईट-पत्थर चले। उसमें प्रोफेसर सहित दोनों पक्षों के पांच लोग जख्मी हो गए। उनमें एक पक्ष के बाप-बेटा समेत तीन लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। दूसरे पक्ष के घायलों का इलाज किसी निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में एक पक्ष के बभनगावां गांव निवासी शिवनरेश उपाध्याय, उनके दो पुत्र रमेश उपाध्याय और आलोक उपाध्याय शामिल हैं। रमेश उपाध्याय पेशे से प्रोफेसर हैं। वह पटना के बीएड कॉलेज में पोस्टेड हैं। दूसरे पक्ष के भी दो लोगों को चोटें आयी है। मारपीट और रोड़ेबाजी का वीडियो भी वायरल हो रहा है। उसमें कुछ लोगों को खंती से मकान को तोड़ते देखा जा रहा है। वीडियो में मारपीट के दौरान एक-दूसरे पर लाठी-डंडे और ईट-पत्थर चलाते हुए भी देखा जा रहा है। इधर, निरोधात्मक कार्रवाई के बावजूद मारपीट को लेकर पुलिस सख्त हो गयी है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस मारपीट में शामिल दोनों पक्षों के लोगों को जेल भेजने की तैयारी में है। एसपी प्रमोद कुमार ने कहा कि इस मामले में अग्रेत्तर कारवाई और मामले के निष्पादन के लिए सीओ सहित संबंधित कर्मचारियों को पूरी रिपोर्ट भेजी जा रही है।

### 15 वर्षों से है विवाद

एक पक्ष के आलोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि आठ डिसमिल जमीन को लेकर पिछले करीब 15 वर्षों से उनके पट्टीदार से ही विवाद चला रहा है। उस जमीन को लेकर चार वर्षों से कोर्ट में केस भी चल रहा है। उसके बावजूद उनके पट्टीदार द्वारा उसी जमीन पर रिपेयरिंग का काम कराया जा रहा था। उसे लेकर उनके द्वारा स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। तब थाना इंचार्ज की ओर कहा गया कि शनिवार को जनता दरबार में जमीन संबंधित मामलों का निष्पादन होता है। शनिवार तक उस जमीन पर कोई काम नहीं करेगा। बावजूद उसके उनके पट्टीदार काम करते रहे।

# हर्ष फायरिंग की नीयत से बारात में हथियार चमका रहा दागी युवक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना की पुलिस की सक्रियता से शादी समारोह में हर्ष फायरिंग की एक घटना टल गयी। हर्ष फायरिंग की नीयत से बारात में हथियार चमका रहे एक दबंग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी पिस्टल, तीन गोली और एक मोबाइल बरामद की गयी है। वह चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव गांव निवासी हिमालय सिंह का पुत्र पुष्कर सिंह है। वह पूर्व से हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के दो मामलों में आरोपी रहा है। हालांकि अंधेरे और बारात में भीड़ का फायदा उठा उसका दूसरा साथी भाग निकला। उसकी पहचान हो गयी है। एसपी प्रमोद कुमार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले में हर्ष फायरिंग की लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए चौकसी बरती जा रही है। उसी क्रम में रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे सूचना मिली कि नगर के अहिरपुरवा में एक बारात आयी है। उसमें दो लड़के अवैध हथियार के साथ घूम रहे हैं। उनके द्वारा हर्ष फायरिंग की घटना को अंजाम देने की अंदेशा है। उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसपी चंद्रप्रकाश नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार और क्रॉस मोबाइल के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख एक युवक तो भाग निकला, लेकिन पुष्कर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार और गोली जब्त की गयी। ऐसे में पुलिस की तत्परता से हर्ष फायरिंग की घटना टल गयी।

**नगर और चांदी थाने की फाइल में पुष्कर सिंह पहले से दागी**

गिरफ्तार पुष्कर सिंह नगर और चांदी थाने की फाइल में पहले से ही दागी रहा। उसके खिलाफ दोनों थानों में आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास के केस दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस की फाइल में उसका नाम आम लोगों को डराने-धमकाने और दबंग चरित्र वाले शख्स के रूप में दर्ज है। पुष्कर सिंह के खिलाफ चांदी थाने में 2021 में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज है।

# भोजपुर में करंट लगने से महिला की मौत, कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खदहा टोला गांव में सोमवार की अहले सुबह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से शौच करने जा रही एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खदहा टोला गांव निवासी स्व. नंदजी सिंह की 51 वर्षीया पत्नी सिंझारी देवी हैं। इधर मृतका के भतीजे नंदलाल सिंह ने बताया कि उनके पड़ोसी द्वारा अपने खेत के चारों ओर बिजली का तार मवेशी के रोकथाम को लेकर लगाया गया है। सोमवार की अहले सुबह जब वह शौच करने के लिए बधार जा रही थी। उसी दौरान वह उसी विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आ गई। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### बालश्रम जैसी कुप्रथा को लेकर लोगों को जागृत करने के उद्देश्य अभियान रथ रवाना




**जहानाबाद।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर अभियान रथ को सभी प्रखंडों में बालश्रम जैसी कुप्रथा के बारे में लोगों को जागृत करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। वहीं उनकी अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध एवं विनियमन हेतु राज्य कार्य योजना 2017 के निहित प्रावधानों के अंतर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक, शशि शेखर के द्वारा बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 (संशोधित 2016) के अन्तर्गत सदस्यों को विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराया गया। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कोई भी काम लेना तथा किशोर-किशोरियों (14-18 वर्ष तक) से खतरनाक व्यवसायों एवं प्रक्रियाओं में काम लेना दंडनीय अपराध है। श्रम अधीक्षक शेखर ने विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जहानाबाद जिला में 1 अप्रैल 2014 से लेकर 10 जून 2023 तक में कुल 188 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से विमुक्त कराया गया। इनके पुर्नवास के लिए विभागीय निदेशानुसार कार्रवाई की गई।

### नवादा में हुए अमन हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा में हुए अमन हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। साथ ही पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। दरअसल, नवादा पुलिस ने अमन हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्त नाबालिग हैं। आपसी विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया था। वहीं मामले की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का कहना है कि ये लोग जब रास्ते में जाते थे तो इन लोगों के साथ गाली-गलौज किया जाता था और चौधरी चौक की ओर जाने से मना करता था। इसी विवाद में 11 जून को शहर के पटेल नगर मोहल्ले में अपराधियों ने अमन राज की गोली मारकर हत्या कर दिया था। जिसके बाद नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया।

**नई शिक्षक नियुक्ति के विरोध में उतरे शिक्षक संगठनों के लोगों ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात**

# शिक्षकों के साथ बिहार की सरकार ने छलावा किया है: सम्राट

**केटी न्यूज/बक्सर**



बिहार में लागू नई शिक्षक नियुक्ति के विरोध में उतरे शिक्षक संगठनों के लोगों ने सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और विधानमंडल में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस बीच भाजपा के नेताओं ने शिक्षक संगठनों के नेताओं को आश्वासन दिया कि भाजपा उनके साथ है। शिक्षक संगठनों के नेताओं के साथ हुई बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार हड़बड़ी में शिक्षक नियुक्ति नियमावली लाई है, जिसमें कई गड़बड़ियां हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को राज्य कर्मियों का दर्जा दिलाने के लिए जुलाई महीने में राजभवन मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ बिहार की सरकार ने छलावा किया है। बिहार के शिक्षक अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। जिस राज्य के शिक्षकों के साथ इस प्रकार का व्यवहार होगा वहां के शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है। उन्होंने शिक्षक संगठन से कहा कि पूरी मुस्तैदी के साथ हम आप की लड़ाई लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि जो शिक्षक पहले ही दो से तीन परीक्षा देकर 10 से ज्यादा वर्षों से नौकरी कर रहे हों, उसे फिर से एक और परीक्षा देने के लिए कहा जाना, कैसे न्यायसंगत ठहराया जा सकता है। आज उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात जहां भी भाजपा की सरकार है। वहां बेहतर शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता है। जब बिहार में एनडीए सरकार थी तब ही शिक्षकों की नियुक्ति का निर्णय लिया जा चुका था, लेकिन सरकार बदलते ही शिक्षकों को बरगलाने के लिए नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली सरकार ले आई।

वहीं विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार नियमावली को सुधारे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सामाजिक सम्मान और बच्चों की प्रतिभा को बढ़ाने के लिए प्रतिभावान शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। नियोजित शिक्षकों को सम्मान करते हुए नियमावली बनाई जाए जिससे शिक्षकों का भी मनोबल बढ़े और शैक्षणिक वातावरण तैयार हो।

उन्होंने कहा कि बिहार में अगर भाजपा की सरकार बनाती है तो यूपी और गुजरात का शिक्षा मॉडल लागू होगा। शिक्षक नेता विधान पार्षद नवल किशोर यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शिक्षकों के मांगों को लेकर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। शिक्षकों को निराश नहीं होने देंगे उन्होंने कहा कि शिक्षकों की आवाज को बुलंद करेंगे। विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार ने कहा कि शिक्षकों के जीवन से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक डॉक्टर संजीव चौरसिया शिक्षक नेता गणेश प्रसाद सिंह सहित सभी शिक्षक संगठन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय सब जूनियर वुशु में बक्सर के खिलाड़ियो का बेहतर प्रदर्शन, पाया तीसरा स्थान

- ❒ ऑल ओवर चैंपियनशीप में जिले के खिलाड़ियों को मिला 69 वां स्थान
- ❒ राजगीर में संपन्न हुआ तीन दिवसीय प्रतियोगिता



**केटी न्यूज/बक्सर**

वुशु में बक्सर जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन लाजवाब होते जा रहा हैं। राजगीर में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक व बालिका वुशु चैंपियनशीप में बक्सर जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का नमूना पेश करते हुए तीसरा स्थान पाया है। वही इस चैंपियनशी में जिले के खिलाड़ियों की ऑल ओवर 69 वां रैंक मिला है। बता दें कि इस प्रतियोगिता का आयोजन राजगीर के नाइस गर्ल वर्ल्ड स्कूल फिल्म सिटी में 9 से 11 जून तक हुआ था। जिसमें जिले के प्रतिभागियों ने अपना दम खम तथा खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिसके बदौलत पूरे खेल में 69 अंक पाकर ऑल ओवर गेम में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया था। वही समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बिहार वुशु संघ के महासचिव सुमन मिश्र मौजूद थे। सब जूनियर प्रतियोगिता में लगभग 20 जिले से 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वहीं बक्सर जिला के 22 खिलाड़ी 2 प्रशिक्षक एवं एक दल प्रबंधक ने भाग लिया। बक्सर की टीम ने प्रतियोगिता में कुल 19 पदक प्राप्त किए। सब जूनियर बालिका में अंडर 20 केजी में रिद्धि सिंह ने स्वर्ण पदक, अंडर 24 केजी में दिव्यानी ओझा ने स्वर्ण पदक, शिवानी कुमारी ने अंडर 45 केजी में स्वर्ण पदक, अंडर 42 केजी में सृष्टि कुमारी ने स्वर्ण पदक, सब जूनियर बालक में रितिक राज ने अंडर 40 केजी में रजत पदक, वही दक्ष पाठक ने अंडर 42 केजी में कांस्य पदक प्राप्त किये। जूनियर बालिका में खुशी कुमारी ने अंडर 36 केजी में स्वर्ण पदक, अंडर 48 केजी में लक्ष्मी राज गुप्ता ने कांस्य पदक, अंडर 39 केजी में शालू कुमारी ने स्वर्ण पदक, अंडर 45 केजी में पूजा कुमारी ने कांस्य पदक, अंदर 48 केजी में प्रियांशु कुमार ने स्वर्ण पदक, अंडर 52 में पल्लवी कुमारी ने रजत पदक, लक्ष्मी कुमारी ने अंडर 56 केजी में स्वर्ण पदक एवं जूनियर बालक वर्ग में 52 केजी में रूपेश कुमार ने रजत पदक, अंडर 65 केजी उज्जवल चौबे ने स्वर्ण पदक, अंडर 70 केजी में अमित यादव ने रजत पदक, अंडर 75 केजी में अमृत ने स्वर्ण पदक, अंडर 80 केजी में अभिषेक कुमार ने रजत पदक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में दल प्रबंधक के रूप में दिलीप कुमार और बालक दल प्रशिक्षक के रूप में लव शर्मा एवं दल बालिका के रूप में अमीषा कुमारी ने अपना महत्वपूर्ण सहभागिता दिखाते हुए बक्सर जिला को 19 पदक प्राप्त करवाएं। इन सभी खिलाड़ियों के पदक प्राप्त होने पर संघ के अध्यक्ष डा आशुतोष कुमार सिंह संघ, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, संघ के महासचिव मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव राम रतन पाठक और हेरिटेज स्कूल के निदेशक प्रदीप पाठक इन सभी खिलाडियों को बधाई दिए।

# राजपुर में पंचायत समिति की बैठक संपन्न, अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर फूटा सदस्यों का गुस्सा





- ❒ पेयजल की समस्या का समाधान कराने के लिए सदस्यों ने आकृष्ट कराया ध्यान
- ❒ महिला सदस्यों के प्रतिनिधियों को बैठक में उपस्थित होने पर लगाई गई रोक

**केटी न्यूज/राजपुर**

सोमवार को राजपुर सभाकक्ष में प्रखंड प्रमुख राधिका देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक की गयी। जिसका संचालन प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ममता कुमारी ने की। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की संपुष्टि से शुरू हुई। वही लंबित पड़े कार्यो को पूरा कराने एवं अन्य योजनाओं को गति देने में पर सदस्यों में आम सहमति बनी। पंचायती राज पदाधिकारी ने सदस्यों से कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं चल रही हैं, उन योजनाओं का लाभ आम जन को जरूर मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखने में आप सहयोग करें। वही उन्होंने महिला सदस्यों के प्रतिनिधियों को बैठक में उपस्थित होने पर रोक लगाई। बैठक के दौरान मुखिया अनिल सिंह ने कहा कि सरकार ने जिस उम्मीद के साथ पंचायतों को अधिकार दिया है वह अधिकारियों की उदासनीता से पूरा नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों को निशाने पर लिया और कहा कि लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से क्यों नहीं स्पष्टीकरण पूछा जा रहा हैं। वही सदस्यों ने विकास योजना में मुखिया तथा पंचायत समिति के कार्यों का बंटवारा करने को कहा। सदस्यों ने भवन निर्माण के बाद भी उसमें पशु अस्पताल का संचालन नहीं होने पर नाराजगी जताई। तथा अस्पताल को उसके निर्धारित भवन में संचालित कराने और नियमित रूप से पशु चिकित्सकों की तैनाती की मांग की।

## पेयजल की गंभीर समस्या के समाधान की उठी आवाज

पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में जलापूर्ति साधनों के खराब होने पर चिंता जताई गई तथा जलापूर्ति को अविलंब दुरूस्त करने की मांग की गई। सदस्यों ने बताया कि राजपुर पंचायत में ही स्थिति गंभीर हो गई है। प्रचंड गर्मी में सभी चापाकल फेल हैं। जिनके घरों में समरसेबल है वही चल रहा है। सदस्यों ने प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों के अविलंब मरम्मत की मांग की। जिस पर पंचायती राज पदाधिकारी ने शीघ्र मरम्मत का आश्वासन दिया।

## कई योजनाओं में पारदर्शिता नहीं बरतने का लगा आरोप

बैठक के दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में तालाब सौंदर्यीकरण योजना पर सवाल उठाए गए। सदस्यों ने कहा कि प्राक्कलन बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। वही मुखिया आनंद प्रकाश सिंह ने नल जल योजना को प्रखंड क्षेत्र में फेल बताया। सदस्यों ने कहा कि पीएम आवास योजना में काफी धांधली है। ग्रामीण आवास सहायक कुछ लोगों से वसूली कर लेते हैं जो सही नहीं है। दुल्फा पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि गुड्डू सिंह ने कहा कि पंचायत समिति के तरफ से संचालित योजना मद में से कुछ पंचायतों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। अकबरपुर बीडीसी फुल कुमारी देवी ने कहा कि कई जगहों के डीलर खाद्यान्न वितरण करते समय लगभग दो किलोग्राम अनाज की कटौती कर रहे हैं। जीविका विभाग के अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी पंचायतों में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए बकरी शेड का निर्माण कराया जा रहा है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जिन पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन टूट गया है, उसके जीर्णोद्धार के लिए सूची बनाई जा रही है। इसके अलावे भी मनरेगा, कृषि सहित कई अन्य विभागों की कार्यशैली पर भी बैठक में सवाल उठाए गए। बैठक में पीओ मोहम्मद सज्जाद जहीर, विद्युत कनीय अभियंता संतोष पटेल, स्वच्छता समन्वयक रूपेश कुमार सिंह, मुखिया शैलेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार चौधरी, बीडीसी मंजू देवी सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### आपसी विवाद में मारपीट दो पर एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/नावानगर।** स्थानीय थाना के रुपसागर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दस वर्षीय जख्मी किशोर राजू कुमार है। जिसे पुलिस ने स्थानीय सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बक्सर रेफर कर दिया है। इधर जख्मी किशोर के पिता ने गांव के ही दो युवक राहुल कुमार व गुल्लू कुमार को नामजद कर नावानगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि पीड़ित के पिता द्वारा दी गई आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति का हुआ गठन

**केटी न्यूज/केसठ।** प्रखंड के नया बाजार में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष रतन राउत ने किया। इस दौरान पार्टी के विस्तार एवं विकास पर चर्चा की गई। संगठनात्मक विस्तार, गतिविधियों पर मंथन हुआ तथा आगामी रणनीति भी तय की गई। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जनता की सेवा ही हम सभी का कर्तव्य है। इसलिए सभी पदाधिकारी संगठनात्मक कार्यों में रात दिन जुट जाए। जनसेवा तथा जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करें ।ताकि सरकार के तहत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले। इसके बाद भाजपा मंडल ने मंडल के विस्तार को लेकर घोषणा की। उन्होंने कहा कि जगनारायण दुबे, नंद जी यादव, रविंद्र आर्य समेत छः लोगों को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा रजनीश कुमार द्विवेदी एवं राजीव कुमार सिंह को मंडल महामंत्री, नितेश दुबे को मंडल कोषाध्यक्ष, अनिल तिवारी, पल्लवी द्विवेदी, बाला मुसहर समेत छः लोगों को मंडल मंत्री बनाया गया है ।वही विनोद कुमार गुप्ता एवं संदीप कुमार राउत को मंडल का प्रवक्ता बनाया गया है।

# सड़क दुर्घटना में जख्मी होमगार्ड जवान की इलाज के दौरान मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक पखवाड़े पूर्व औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर के समीप एनएच 922 पर बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हुए होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। उसकी मौत बनारस स्थित ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान रविवार को हुई। मृतक जवान सुमन कुमार पिता ललन यादव सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका बड़का डेरा गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह होमगार्ड में तैनात था तथा बक्सर में उसकी पोस्टिंग थी। 29 मई को वह अपनी ड्यूटि पूरी कर बक्सर से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान चुरामनपुर तथा दलसागर के बीच किसी अज्ञात वाहन से उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से



जख्मी हो गया था तथा बेहोशी की हालत में स्थानीय एक निजी अस्पताल में इलाज के बाद डाक्टरों ने उसे बनारस रेफर कर दिया था, जहा इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। जवान के मौत की पुष्टि होते ही रेंका में कोहराम मच गया। परिजनों समेत मोहल्ले वालों का रो रोकर बुरा हाल था। इस घटना के बाद उसके पिता ललन यादव, बड़े भाई मुन्ना यादव, मां, पत्नी सहित पूरे परिवार में क्रंदन चित्कार मची रही। जानकारों की मानें तो पिछले साल ही उसकी शादी हुई थी। मोहल्ले के लाल्टू यादव, विकास यादव आदि ने बताया कि वह काफी मिलनसार प्रवृति का था तथा गांव में सबसे मिल जुलकर रहता था। यही कारण है कि उसके असामयिक निधन से पूरा गांव मर्माहत हो उठा है।

## अनुमंडल कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में डुमरांव एसडीओ, एसडीपीओ समेत दर्जनों कर्मी रहे मौजूद

# सादे समारोह में एआरओ सरफराज नवाज को दी गई भावभीनी विदाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय अनुमंडल कार्यालय परिसर में सोमवार को एक सादे समारोह में मजिस्ट्रेट सह एआरओ सरफराज नवाज को भावभीनी विदाई दी गई। एसडीओ कुमार पंकज के नेतृत्व में आयोजित इस विदाई समारोह में उन्हें फूल, माला, बुके, अंग वस्त्र आदि देकर विदा किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके व्यवहार व कार्यकुशलता की चर्चा की। एसडीओ ने कहा कि वे अपने कार्यो को बखूबी अंजाम देते है तथा मातहतों को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं। डुमरांव नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न



कराने में उन्होंने महती भूमिका निभाई। इसके अलावे भी वे पूरे समय कर्तव्यनिष्ठ बने रहे। एसडीओ ने कहा कि उनकी कमी डुमरांव अनुमंडल में लंबे समय तक महसूस की जाती रहेगी। एसडीओ ने कहा कि यह खुशी की बात है कि वे यहा से प्रोन्नत होकर जा रहे है। उन्होंने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर उनकी कमी महसूस होते रहेगी। एसडीओ की माने तो वे कुशल प्रबंधक, सुलझे पदाबिधकारी के साथ ही एक अच्छे इंसान भी है। जिस कारण यहा की जनता को उनकी कमी खलते रहेगी। वही सरफराज ने कहा कि डुमरांव के लोग काफी मिलनसार है। यहा उन्हें हमेशा घर जैसी अनुभूति हुई थी। उन्होंने कहा कि वे अपना काम ईमानदारी से करने का प्रयास करते है। लेकिन इस बीच कुछ त्रुटि हुई होगी तो क्षमा प्रार्थी हूं। विदाई समारोह को एसडीपीओ अफाक अंसारी ने भी संबोधित किया और कहा कि सरकारी कर्मी का स्थानांतरण व रिटायरमेंट एक स्वभाविक प्रक्रिया है। लेकिन उनकी असल पहचान उनके कामों से होती है। सरफराज सर ने कम समय अपनी कार्यकुशलता तथा कुशल व्यवहार से एक खास पहचान बनाई थी। एसडीपीओ ने चुनाव के दौरान उनके बेहतर प्रबंधन, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा कर्मियों के साथ समन्वय बनाने आदि गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि अपने सेवाकाल में वे सहकर्मियों तथा मातहतों के प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी को अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए।

## एक नजर

### टेम्पो से गिर जान गवाने वाले अधेड़ की हुई पहचान, एकौनी गांव का था मृतक

**केटी न्यूज/डुमरांव।** रविवार को एनएच 922 पर प्रताप सागर पेट्रोल पंप के पास चलती टेम्पो से गिर एक अधेड़ की मौत हो गई थी। देर रात उसकी पहचान डुमरांव थाना क्षेत्र के एकौनी गांव निवासी 57 वर्षीय हरेराम राम के रूप में हुई। परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त भी कर ली गई है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर से मझरिया जाने के लिए सुबह में निकले थे। गांव से डुमरांव स्थित अपने भतीजा नितेश्वर राम के घर खाना खाकर वहा से दोपहर मे औद्योगिक थाना क्षेत्र के मझरिया गांव स्थित अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकले थे। बताया जाता है कि वे पुराना भोजपुर से एक ऑटो रिक्शा पर सवार थे तथा किनारे बैठ यात्रा कर रहे थे। संभवत: झपकी आने के कारण प्रताप सागर पेट्रोल पंप के पास चलती टेम्पो से गिर पड़े तथा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें प्राथमिक इलाज के लिए मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया गया। वहा से रेफर होने के बाद पुलिस बेहतर इलाज के लिए लेकर उन्हें सदर अस्पताल पहुंची। लेकिन वहा डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही शव की पहचान होने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर टेम्पो चालक की पड़ताल की जा रही है।

### पुलिस ने रंगेहाथ आर्म्स तस्कर को दबोचा



**केटी न्यूज/बक्सर।** रविवार की देर रात बक्सर पुलिस ने एक आर्म्स तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव में मिली। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि दलसागर गांव में आज कुछ लोग हथियार की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। जिसके बाद डीआईयू प्रभारी राजेश मलाकार के नेतृत्व में एक विशेष टीम उन्होंने बनाई। जिस युवक के बारे में सुचना मिली थी उसके अड्डे पर यहां छापेमारी की गई। सर्च अभियान चलाया गया तो एक आर्म्स बरामद हुआ एक युवक को हिरासत में लिया गया। जब उससे पूछताछ की गई तो आर्म्स तस्करी में जुड़े होने की बात स्वीकार की कुछ लोगों के नाम भी बताए। उसके निशान देहि पर छापमारी की जा रही है। युवक की पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव निवासी चुनमुन प्रसाद पिता धीरेंद्र प्रसाद के रूप में हुई। पूछताछ के बाद एम्स के साथ पकड़े गए अपराधी को आगे के कार्रवाई हेतु औद्योगिक थाना को सौंप दिया गया।

### स्कार्पियो व ट्रैक्टर की टक्कर में पांच जख्मी

**केटी न्यूज/चौसा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृतपुरा गांव के पास ट्रैक्टर और स्कार्पियो की आमने सामने की टक्कर में कुल पांच लोग जख्मी हो गए है। वही इस दुर्घटना में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए है। घटना में टैज्क्टर पर सवार एक किशोर समेत तीन लोग जबकि स्कार्पियो के दो लोगों की मौत हो गई। जबकि स्कार्पियो में सवार दूल्हा और दुल्हन समेत चालक भी सुरक्षित है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार चुन्नी गांव से शादी समारोह से सामान लेकर कुछ लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर परमानपुर गांव जा रहे थे। इसी बीच बक्सर की तरफ एक स्कॉर्पियो पर दूल्हा-दुल्हन सवार होकर चौसा की तरफ जा रहे थे। कृतपुरा के समीप अचानक स्कॉर्पियो का टायर फट गया, जिससे कि वह विपरीत दिशा में जाकर सामने से आ रही ट्रैक्टर से टकरा गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया घायलों में परमानपुर निवासी दीपेश (22 वर्ष), पिता - विक्रम राजभर, रोहित कुमार (15 वर्ष), पिता-मोहन राजभर, इंग्लिशपुर गांव निवासी डब्लू राजभर (23 वर्ष) पिता-बीरेंद्र राजभर, विकास कुमार (15 वर्ष) पिता- लक्ष्मण राजभर शामिल हैं। इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जांच कर रही है। स्कार्पियो सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। जबकि ट्रैक्टर सवार लोगों का इलाज चल रहा है। फिलहाल वाहन को अपनी अभिरक्षा में ले लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी वृद्ध की इलाज के दौरान मौत



**केटी न्यूज/नावानगर।** वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के केसठ शिवपुर मार्ग पर रविवार को सड़क दुर्घटना में 75 वर्षीय एक वृद्ध तथा उसका पोता गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। सोमवार को पटना में इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिकरौल थाना क्षेत्र के धवछुआं गांव निवासी मर्कट यादव पिता स्व जगदेव यादव के रूप में हुई है। जबकि पोता अनिल कुमार भी गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। जानकारी के अनुसार वे रविवार को अपने गांव से किसी बारात में शामिल होने एक स्कूटी पर बैठ गए थे। उधर से लौटने के दौरान वासुदेवा केसठ मार्ग पर शिवपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनके स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में दादा और पोता दोनों जख्मी हो गए थे। अनिल का एक हाथ टूट गया था जबकि मर्कट के सर में अंदरूनी चोटें आई थी। प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए परिजन उन्हें लेकर पटना गए थे। सोमवार को इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वासुदेवा ओपी प्रभारी विष्णुदेव कुमार, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय तथा सर्किल इंस्पेक्टर विमल दास मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच में जुट गए। वही इस घटना के बाद लोगों में बेलगाम परिचालन के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में तेज रफ्तार परिचालन से अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है।

## खबरें फटाफट

### गिरफ्तारी की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें जिक्र किया कि संयुक्त किसान मोर्चा के जिलास्तरीय नेता लक्ष्मण पांडेय जो कि नैना गांव के रहने वाले है। बीते दिनों उन्हें मारपीट करं गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। मामले में कई दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। ऐसे में आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। इस मौके पर शिवाजी, संतोष सिंह, अशोक पांडेय, रघुवंश उपाध्याय, अजय कुमार पांडेय मौजूद रहे।

सपरिवार कलेक्ट्रेट में शुरू किया आमरण अनशन

बलिया। चकबंदी विभाग द्वारा एक सप्ताह के अंदर कब्जा दखल नहीं कराने पर सपही निवासी छोटेलाल चौहान सोमवार को सपरिवार कलेक्ट्रेट में आमरण अनशन शुरू किया। इस दौरान जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिक्र किया कि जिस जमीन पर हम पूर्व से खेती करते आ रहे हैं, उसमें विपक्षी द्वारा मेरी अनुपस्थिति में बीते सीजन में गेहूं की बुआई कर दी गई। मामला सिकंदरपुर एसडीएम के यहां पहुंचा तो उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल कटने के बाद कब्जा दिला दिया जाएगा। लेकिन आज तक कब्जा नहीं दिलाया गया। उधर विपक्षी एक बार पिफर से धान की खेती करने की तैयारी में है। ऐसे में जब तक मुझे कब्जा नहीं दिलाया जाएगा। तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा।

### धूप से तुरंत आकर पानी का सेवन कर सकता है आपको बीमार : डॉ संजय सिंह

मऊ। गर्मी के मौसम में लोग सबसे ज्यादा बीमार पड़ते है। इस मौसम में कई तरह की बीमारियां लोगों को प्रभावित करती है। इस मौसम में स्किन समस्याएं भी बहुत हद तक बढ़ जाती हैं। गर्मियों में जरूरी है कि अपने खानपान से लेकर पहनावे तक का पूरी तरह से ख्याल रखा जाय । इस समय स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। गर्मी ज्यादा परेशान न करे इसके लिए जरूरी है कि सुबह जल्दी उठकर अपना पूरा रूटीन बनाया जाए। इस मौसम में डाइट का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी होता है। और धुप से वापस आकर फौरन पानी का सेवन न करे। उक्त बाते अस्पताल के चैयरमेन डॉ संजय सिंह ने सर्वेश्वरी मुक्तिधाम पर आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में कही। आगे कहा की गर्मी में सबसे ज्यादा जरूरत एनर्जी ड्रिंक्स की होती है। इससे न सिर्फ बॉडी को एनर्जी मिलती है बल्कि शरीर में पानी की कमी भी पूरी होती है। गर्मी में छाछ, फ्रूट जूस, मिल्क शेक, ग्रीन सलाद को जरूर शामिल करना चाहिए।

# कुथीर्जाफरपुर में विकास कार्यों पर खर्च होंगे 21 करोड़ रुपए, बिजली-पानी प्राथमिकता

- नगर पंचायत कुथीर्जाफरपुर के चेयरमैन की अध्यक्षता में बोर्ड की पहली बैठक आयोजित
- बैठक में अनुमानित आय-व्यय बजट वर्ष 2023-24 पास किया गया



**मऊ।** नगर पंचायत कुथीर्जाफरपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जफर अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को बोर्ड की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी सहित सभी सभासद मौजूद रहे। बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 21 करोड़ रुपए पारित किया गया। सभासदों के सुझाव से कई अहम फैसले लिए गए। स्वच्छता एवं जल निकासी के लिए मास्टर प्लान तैयार करने की जानकारी दी गई। बिजली, सड़क, पेयजल जैसी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराई जाएगी। बोर्ड की पहली बैठक में अनुमानित आय-व्यय बजट वर्ष 2023-24 पास किया गया। इसके अंतर्गत शासकीय अनुदानों व अन्य स्रोतों से आय में राज्य वित्त आयोग की संस्तुति ,15 वें वित्त आयोग की संस्तुति , अन्य योजनाओं की संस्तुति ,अन्य विविध आय को लेकर 21 करोड़ का बजट दिखाया गया। जबकि व्यय के लिए वेतन आदि सार्वजनिक निर्माण सफाई व्यवस्था, पेयजल, पथ प्रकाश प्रकाश को लेकर बजट का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया।

नवनिर्वाचित चेयरमैन जफर अहमद ने कहा कि जिस तरह जनता ने हम लोगों पर भरोसा दिखाया। हम सभी को भी उनकी उम्मीदों पर खतरा उतरना है। कुथीर्जाफरपुर का प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष होने के नाते मेरी जिम्मेदारियां बढ़ गयी हैं। सर्व प्रथम पेयजल ,बिजली, सड़क, नालों का निर्माण हमारी प्राथमिकता में है। इसके अलावा क्षेत्र के विकास के लिए सभी को साथ लेकर विकास को गति दी जाएगी।सभी सभासदों की ओर से जो प्रस्ताव दिए जायेगे । प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए जाएंगे।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रामानंद यादव ,राशिद कमाल चन्दन चौबे ,प्रमोद सिंह ,आदि लोग मौजूद थे।

### नाराज होकर बैठक से बाहर निकल गए कुछ सभासद

नगर पंचायत कुथीर्जाफरपुर की पहली बोर्ड मीटिंग में वार्ड नंबर 14 के प्रमोद सिंह, वार्ड नंबर 11 के चन्दन चौबे, राशिद कमाल सहित कुछ सभासद अपनी बात न सुनने का आरोप लगाते हुए मीटिंग छोड़ कर चले गए लेकिन कुछ देर बाद किसी प्रकार लोगो ने समझा बुझाकर वापस बुलाया।

# जनपद में हो रहे निर्माण कार्यों में किसी तरह की कोताही न बरतें : रवींद्र कुमार

- बलिया के जिलाधिकारी ने की 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों की समीक्षा
- जिन परियोजनाओ में विद्युत संयोजन का कार्य पूरा नहीं हुआ है, उसे जल्द पूरा करें



**केटी न्यूज बलिया**

50 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों एवं मुख्यमंत्री सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में की गयी। बैठक में सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन भी परियोजनाओ का निर्माण जनपद में किया जा रहा है वह गुणवत्तापूर्ण एवं ससमयपूर्ण हो जाये। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी तरह की कोई कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओ में विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, उन सभी परियोजनाओं में तत्काल विद्युत संयोजन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो जाये , अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने उप्र पुलिस आवास निगम, यूपीआर एनएमएस के कार्यों की जांच कराने एवं सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। साथ ही में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जांच करने के उपरांत अर्थ एवं सांख्यिकी कार्यालय को जांच आख्या जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियन्ता एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

तकनीकी जागरूकता कार्यशाला में डिजिटल डाटाबेस का किया गया प्रस्तुतीकरण

बलिया। रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर उप्र लखनऊ (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) विभाग द्वारा जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

कार्यशाला में रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर के परियोजना वैज्ञानिकों डा जय कुमार मिश्रा एवं अंकित श्रीवास्तव द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर में एनआरआईएस परियोजना में रिमोट सेन्सिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग करके जनपदवार तैयार किये गये डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं इसके बारे में जानकारी दी गयी। उक्त के अतिरिक्त परियोजना वैज्ञानिक द्वारा रिमोट सेन्सिंग, जीआईएस एवं जीपीएस तकनीक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और यह बताया गया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू-संचय, जल-संचय, प्राकृतिक आपदा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन आदि में किया जाता है एवं भुवन पोर्टल पर भी जाकर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त लिडार तकनीक के बारे में भी जानकारी दी गयी। नेशनल सेन्टर ऑफ जियोइन्फारमेटिक्स (एनसीओजी) वेब पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अधिकारी, उप निदेशक कृषि, कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, सामाजिक वानिकी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त - एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, जल निगम, लघु सिंचाई एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 15 जून को होगा भव्य कार्यक्रम

बलिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को आयोजन को लेकर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने विकास भवन स्थित सभागार में बैठक की। इसमें 15 जून से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। 15 जून को इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया, साथ ही जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रम पूरे जनपद में कराए जाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक में जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी आयुष विभाग के कर्मचारियों सहित पतंजलि योगपीठ, गायत्री शक्तिपीठ, आर्ट ऑफ लिविंग सहित योग से संबंधित संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

## माले कार्यकर्ताओं ने विद्युत उपकेंद्र पर दिया धरना



**सिकंदरपुर।** भाकपा माले नेता श्री राम चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को माले कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र सिकंदरपुर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान माले नेता ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली के सवाल को लेकर बलिया से लेकर पूरा उत्तर प्रदेश परेशान है योगी जी की जो सरकार है उसमें बात लंबी चौड़ी हो रही है लेकिन गरीबों को जो फ्री कनेक्शन दिया गया अचानक वह काट दिया जा रहा है। मनियर के तरफ यह धांधली मचाया गया वहां के गरीब जब लड़े बार-बार पावर हाउस पर तब जाकर बिजली मिली। सिकंदरपुर विद्युत उपकेंद्र अन्तर्गत हरदिया गांव में बिजली काट दिया गया है। बताया कि 12 जून को हम लोग धरना पर बैठेंगे तब जाकर वहां कनेक्शन जोड़ा गया तब तक सूचना मिली की नेमा का टोला में भी बिजली काट दिया गया हमारा यह धरना के माध्यम से यह सरकार से और यहां के अधिशासी अभियंता से मांग है की जो फ्री कनेक्शन के नाम पर आप बिजली दिए थे वह फ्री कर दीजिए और फिर नए सिरे से आप बिजली की गारंटी कीजिए उसका नया मीटर बैठाइए। अन्य प्रांत पंजाब में दिल्ली में अभी कर्नाटक में 200 तक यूनिट बिजली माफ किया गया और आप क्यों नहीं कर रहे हैं। आप गरीबों से केवल वोट लेंगे राशन देकर गरीबों को भरमाएँगे बिजली भी बहुत जरूरी है इसलिए धरना के माध्यम से हमारी मांग है की बिजली जो कनेक्शन फ्री दिए थे वह फ्री रखिए और नए सिरे से आप मीटर की व्यवस्था कीजिए।

## चोरी की 14 बाइक के साथ नौ गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार



बलिया। सुखपुरा थाना व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने चोरी की 14 बाइकों के साथ नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसका खुलासा सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने किया। एएसपी ने बताया कि सुखपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक पारसनाथ सिंह मय फोर्स व उप निरीक्षक बांक बहादुर सिंह मय फोर्स तथा उप निरीक्षक अजय कुमार यादव प्रभारी एसओजी की संयुक्त टीम मुखबिर की सूचना के आधार पर नौ अभियुक्तों को महाबीरगंज ईट भट्ठे के पास व अलग-अलग स्थान से हिरासत लिया। वहीं, एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में फरार अभियुक्त का नाम दिलीप राजभर (निवासी नागपुर, रसड़ा) बताया, जो गैंग का मुखिया है। अभियुक्तों के कब्जे से भिन्न-भिन्न स्थानों से 14 बाइक बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर सभी के खिलाफ धारा 41, 411, 413, 420, 467, 468 व 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विशाल भारव्दाज पुत्र शिवबचन राजभर निवासी सुखपुरा थाना सुखपुरा, राजेश राजभर पुत्र परशुराम राजभर निवासी बैजलपुर थाना रसडा, विश्वजीत सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी रामपुर थाना रसडा, रंजीत यादव उर्फ टिन्कू पुत्र शिवानन्द यादव निवासी करमपुर थाना सुखपुरा, मंजीत वर्मा पुत्र मनोज वर्मा निवासी गुरवां थाना सुखपुरा, चन्दन राजभर पुत्र राधाकिशुन राजभर निवासी सुखपुरा, राजू कुमार उर्फ लड्डू राम पुत्र जीउत राम निवासी सुखपुरा थाना सुखपुरा, मिन्टू राजभर पुत्र रामब्रत राजभर निवासी डूहा बिहरा मठिया थाना सिकन्दरपुर, विवेक चौहान पुत्र स्व. रमेश कान्त चौहान निवासी नन्हागंज थाना मनियर है।

## एक नजर

### पम्प कैनाल दोहरीघाट से निकली सूरजपुर माइनर 10 दिनों के अंदर दो बार टूटी, अधिकारी बेफिक्र

**मऊ।** पम्प कैनाल दोहरीघाट से निकली सूरजपुर माइनर 10 दिनों के अंदर दो बार शककरपुर छपरा गांव के समीप टूट चुकी है। लगभग आठ दिनों बाद सिचाई विभाग द्वारा टूटी हुई नहर के मेड की मरमत रविवार को शाम कराई गयी। उसी स्थान पर पुन: आज सुबह नहर टूटी गयी है,जिससे नहर का सारा पानी तेजी के साथ कास्ट सीताराम गाव (मनराडीह) गाँव के चारो तरफ फैल गया है। वही दस दिनों से लगातार सूरजपुर माइनर बन्द होंने से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। जो किसान किसी तरह धान की नर्सरी लगा दिए हैं, वह नर्सरी पानी के बिना जल रही है, वही अधिकतर किसानों ने धान की बीज को भिगोकर डालने हेतु जब खेत मे पहुचे तो नहर का पानी ही गायब है। ऐसे के किसानो को धान की बीज खराब हो गयी किसान प्रचण्ड मार झेल रहे है एक तरफ सूर्य देव शरीर जला देने वाली गर्मी दूसरी तरफ पानी न आने से खेत मे नर्सरी का जलना व और पानी की कमी से महंगी नर्सरी का खराब हो जाना।किसानों को दोहरी मार झेलने पर विवश कर दे रहा है, जबकि किसानों की इस समस्या के तरफ सिचाई विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। सक्षम अधिकारी फोन नही उठा रहे है, किसानों में भारी आक्रोश है। किसान शरदेंदु त्रिपाठी,शिवेंदु त्रिपाठी,अशोक पांडेय,रामविहारी यादव,धर्मेंद्र यादव,रामविलाश प्रजापति,श्रुसुत त्रिपाठी,राघव पांडेय, बंकू पांडेय, श्रेया त्रिपाठी,प्राची त्रिपाठी नितिन ने तुरंत नहर की मरमत हेतु मांग किया है जिससे कि किसानों को भरपूर पानी मिल सके इस समस्या की ओर जिलाधिकारी मऊ का ध्यान अपेक्षित है।

### 13 से 22 जून तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**मऊ।** जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह जून, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण दिनांक 13 जून 2023 से 22 जून 2023 के मध्य नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण तथा अन्त्योदय राशनकार्डों हेतु अप्रैल, मई, जून 2023 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रु0 18/- प्रति किग्रा0 की दर से रु० 54/- में वितरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि माह जून, 2023 के सापेक्ष होने वाले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा०) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किगा० गेहूं व 03 किग्रा चावल (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट) नि:शुल्क वितरण तथा अन्त्योदय राशनकार्डों हेतु अप्रैल, मई, जून 2023 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रु0 18/- प्रति किग्रा0 की दर से रु० 54/- में वितरण दिनांक 13 जून 2023 से 22 जून 2023 तक किया जायेगा। समस्त संबंधित उचित दर विक्रेतागण अपने-अपने दुकान के उक्त आशय की सूचना, सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेंगे। जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थी उक्त दिवस पर अपने उचित दर विक्रेता के यहां से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

### अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**मऊ।** वाराणसी-गोरखपुर रेलखंड के इंदारा रेलवे स्टेशन के पच्छिमी केबिन बाडा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 61/28 के बीच सोमवार की सुबह लगभग नौ बजे दादर एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची कोपागंज थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त करने के लिए काफी प्रयास किया गया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह इंदारा रेलवे पच्छिमी क्रासिंग बाडा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 61/28 के बीच सोमवार की सुबह लगभग नौ बजें दादर एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक 34 वर्षीय अज्ञात महिला की कट कर मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पहुंची पुलिस ने ट्रैक से महिला के शव को बरामद किया। शव के आधार पर मृतका की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक प्रथमदृष्टया मामला एक हादसा लग रहा है।

### भुखमरी के शिकार कोटेदारों का बकाया लाभांश तत्काल दिया जाए : उमाशंकर ओमर

**मऊ।** राशन विक्रेताओं की कतिपय समस्याओं के समाधान को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद मऊ की बैठक कैंप कार्यालय अलाउद्दीन पुरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर तथा संचालन रतनपुरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम नारायण साहू ने किया। बैठक में जनपद के कोने-कोने से आए व्यापारियों और उचित दर विक्रेताओं ने भाग लिया, और अपनी समस्या जिला अध्यक्ष के समक्ष रखा। बैठक में यह बात खुलकर सामने आई कि मऊ जनपद के खाद्य एवं रसद विभाग से जुड़े उचित दर विक्रेताओं की समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी है। जिस पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उस का तत्काल समाधान कराया जाना जनहित में अत्यंत ही आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि जनपद के उचित दर विक्रेताओं द्वारा नवंबर माह में खाद्यान्न का चालान धनराशि बैंकों में नगद रूप में जमा किया गया था, परंतु शासन प्रशासन द्वारा राशन निशुल्क रूप में वितरित कराया गया। यह धनराशि आज तक उचित दर विक्रेताओं को वापस नहीं किया गया। जिसकी वजह से उचित दर विक्रेताओं की आर्थिक स्थिति बेहद खराब और अफसोस जनक है। इस रकम को ब्याज समेत वापस कराने की मांग बैठक में रखी गई। शासन के निदेर्शानुसार कार्ड धारकों में निशुल्क राशन का वितरण उचित दर विक्रेता द्वारा माह नवंबर 2022 से मई 2023 तक किया गया हैं। परंतु 6 माह तक का लाभांश अभी तक उचित दर विक्रेताओं को नहीं दिया गया। जिसकी वजह से कोटेदार भुखमरी के कगार पर हैं। किन विकट परिस्थितियों में कोटेदार राशन का वितरण कर रहे हैं, और किन परिस्थितियों में अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं, यह बेशक कोई भी कोटेदार बता सकता है। शासन और प्रशासन का बार-बार ध्यान आकृष्ट करने के बावजूद भी कोटेदारों को लाभांश नहीं दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश में जगह-जगह ज्ञापन और शिकायत किए जाने के बाद 1 माह का लाभांश जून माह में प्राप्त हुआ है, जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।

## पुलिस महानिदेशक के वार्षिक निरीक्षण के दौरान सभी थानों में की गई थी व्यापक व्यवस्था

# पुलिस महानिरीक्षक ने मऊ के थानों का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**केटी न्यूज मऊ**

मऊ में पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार ने कई थानों का वार्षिक निरीक्षण किया। नगर क्षेत्र के थाना दक्षिण टोला और थाना कोतवाली में लाखों की लागत से चल रहे नवीनीकरण और सुंदरीकरण के कार्य का निरीक्षण भी किया। सबसे पहले पुलिस महानिरीक्षक ने कोपागंज थाने पर पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया। इसके बाद नगर के थाना कोतवाली और थाना दक्षिण टोला में जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार को पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि और क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा ने थानों में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य के बारे में बताया और पूरे थाने में भ्रमण कर कार्य की प्रगति को दिखाया।



शहर में पहुंचते ही पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार ने सर्वप्रथम थाना दक्षिण टोला में जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन कर निरीक्षण किया। पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार ने थाना कोतवाली में पहुंचकर जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया। इसके बाद पूरे थाने में भ्रमण करते हुए सुंदरीकरण, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### थाना कोपागंज का निरीक्षण किया

थाना कोपागंज के साथ शहर के 2 थानों का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने थाना चिरैयाकोट का भी निरीक्षण किया। पुलिस महानिदेशक के वार्षिक निरीक्षण के दौरान सभी थानों में व्यापक व्यवस्था की गई थी। थाना कोतवाली में निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि वार्षिक निरीक्षण के सिलसिले में मऊ जनपद में आना हुआ है। सबसे पहले पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस का निरीक्षण किया गया है। इसके बाद थाना कोपागंज का निरीक्षण किया गया और अब थाना चिरैयाकोट का निरीक्षण किया जाएगा।